उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक/Ref. No.: 651/2022 दिनांक/Date : 8/7/2022

।। अधिसूचना ।।

विषयः– वि0सं0–44/UKSSSC. दिनांक 03 जनवरी, 2022 द्वारा पदनाम–मुख्य आरक्षी(पुलिस दूरसंचार) के पदों हेतु पूर्व में जारी विज्ञप्ति के सापेक्ष भरे गये ऑनलाइन आवेदन पत्रों में संशोधन का अवसर दिये जाने के संबंध में।

उक्त पदों की लिखित परीक्षा जुलाई माह में 2022 में प्रस्तावित है। अभ्यर्थियों को इस परीक्षा से संबंधित आवेदन पत्र में संशोधन/सुधार का अवसर दिया जा रहा है। अभ्यर्थी आज **दिनांक 08 जुलाई, 2022 से दिनांक 14 जुलाई, 2022 के मध्य** आवेदन पत्र में परीक्षा केन्द्र के विकल्प को छोड़कर अन्य महत्वपूर्ण प्रविष्टियों(Fields) में संशोधन कर सकते है।

अभ्यर्थी अन्य प्रविष्टियों के साथ अपना नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, लिंग तथा आरक्षित श्रेणी/उपश्रेणी में भी संशोधन कर सकते है, क्योंकि इन्ही प्रविष्टियों का प्रभाव परिणाम पर पड़ता है। परीक्षा केन्द्र के विकल्प पर संशोधन अनुमन्य नहीं होगा। संशोधन के लिए ऑनलाइन लिंक में दिये गये प्रारूप को देखकर उसका उपयोग करें। अन्य प्रविष्टियां आवेदन पत्र में सीधे संशोधन की जा सकती है।

अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** में OTR Login कर संबंधित आवेदन पत्र देख सकते है। उसके बाद आवेदन पत्र में दायी ओर Edit बटन दिया गया है। इस बटन को क्लिक कर प्राप्त OTP भरकर तथा निर्धारित शुल्क रू0 30/– देकर अभ्यर्थी उपरोक्त प्रविष्टियों में संशोधन कर सकते है।

कृपया समयांतर्गत अपने आवेदन पत्र में आवश्यक संशोधन कर लें। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन पत्र संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों को प्राप्त नहीं होगा। इसके बाद आवेदन पत्र में त्रुटियों के सुधार का कोई भी अवसर नहीं मिलेगा व आवेदन की त्रुटियों से उत्पन्न कठिनाई के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

8/7/22
(संतोष बडोनी)
सचिव।